RPSC वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II सामाजिक विज्ञान 2016

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

यदि ग्रीनविच पर समय 6.00 बजे प्रातः (A.M.) है, तो किस देशान्तर पर समय 11.00 बजे प्रातः (A.M.) होगा ?

(A) 60° पूर्व
(B) 70° पश्चिम
(C) 75° पूर्व ✓
(D) 85° पूर्व

Q.2

यदि पृथ्वी का घूर्णन बन्द हो जाये तो प्रभावित होगा?
1. दिन-रात का बनना
2. दिन-रात की अवधि
3. ऋतुओं का बनना
4. पृथ्वी का अपकेन्द्रीय बल

(A) केवल 1
(B) 1 व 4 ✓
(C) 1 व 2
(D) केवल 3

Q.3

सही कथन चुनिये :
(A) सभी अक्षांश रेखाओं की परिधि समान होती है ।
(B) सभी अक्षांश रेखाएँ ग्लोब को दो बराबर भागों में बाँटती हैं ।
(C) सभी अक्षांश रेखाओं का काल्पनिक समतल तल भू-केन्द्र से गुजरता है ।
(D) सभी अक्षांश रेखाएँ लगभग समदूरस्थ होती हैं ।

(A) केवल (C)
(B) केवल (D) ✓
(C) (A) व (C)
(D) (B) व (D)

Q.4

कॉनरेड असांतत्य जिसके बीच विभाजन करती है

(A) बाह्य व आन्तरिक भूपटल ✓
(B) भूपटल व मैन्टल
(C) बाह्य व आन्तरिक मैन्टल
(D) बाह्य व आन्तरिक भूक्रोड

Q.5

वेगनर के अनुसार एकाकी महाद्वीपीय पिण्ड को घेरे हुए वृहत महासागर का क्या नाम था ?

(A) पेन्जिया
(B) पैंथालासा ✓
(C) लारैंशिया
(D) गोंडवाना

Q.6

निम्नांकित में से कौन सा एक आकस्मिक बल नहीं है ?

(A) भूकम्प
(B) सम्पीडन ✓
(C) ज्वालामुखी
(D) ऐवेलांश (अवधाव)

Q.7

निम्नांकित में से वायुमण्डलीय संघटन में गैसों का कौन-सा आयतन प्रतिशत का सही आरोही क्रम है ?

(A) ऑक्सीजन - हाइड्रोजन ऑर्गन कार्बन-डाई-ऑक्साइड
(B) हाइड्रोजन-आर्गन-कार्बन-डाई-ऑक्साइड - ऑक्सीजन
(C) ऑक्सीजन-कार्बन डाई-ऑक्साइड- हाइड्रोजन-ऑर्गन
(D) हाइड्रोजन-कार्बन डाईऑक्साइड - ऑर्गन - ऑक्सीजन ✓

Q.8

तापजन्य वायुदाब पेटियाँ हैं
(A) भूमध्यरेखीय न्यूनदाब पेटी
(B) उपोष्ण उच्चदाब पेटियाँ
(C) उप-ध्रुवीय न्यूनदाब पेटियाँ
(D) ध्रुवीय उच्चदाब पेटियाँ

(A) (B) व (C)
(B) (A) व (D) ✓
(C) (B) व (D)
(D) (A) व (C)

Q.9

जलीय समीर चलती है-

(A) दिन में जल से थल की ओर ✓
(B) रात्रि में जल से थल की ओर
(C) दिन में थल से जल की ओर
(D) रात्रि में थल से जल की और

Q.10

विश्व में सर्वाधिक ज्वार परास जिसमें पाया जाता है-

(A) हड़सन की खाड़ी
(B) चिग्नेटा की खाड़ी
(C) ब्रिस्टल की खाड़ी
(D) फण्डी की खाड़ी ✓

Q.11

कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| **सामुद्रिक धाराएँ** | **प्रकृति** |
| :— | :— |

(A) बैंगुएला - शीत
(B) कनारी - गर्म ✓
(C) अगुलहास - गर्म
(D) हम्बोल्ट (पेरू) - शीत

Q.12

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए व सूचियों के नीचे दिए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I (नदी)	**सूची-II (उद्गम)**
(A) दामोदर	(i) त्र्यंबक के समीप
(B) सोन	(ii) छोटानागपुर पठार
(C) कावेरी	(iii) अमरकंटक पठार
(D) गोदावरी	(iv) ब्रह्मगिरि

कूट :

	(A)	(B)	(C)	(D)
:—	:—	:—	:—	:—

(A) (ii) (iii) (i) (iv)

(B) (ii) (iii) (iv) (i) ✓

(C) (iii) (ii) (iv) (i)

(D) (iv) (iii) (i) (ii)

Q.13

2011 की जनगणना के अनुसार भारत में पुरुष और महिला साक्षरता का प्रतिशत है :

पुरुष	**महिला**
:—	:—

(A) 83.78 - 76.60

(B) 80.51 - 67.06

(C) 79.63 - 66.77

(D) 82.14 - 65.46 ✓

Q.14

हस्तान्तरण भुगतान सम्मिलित किये जाते हैं

(A) GDP में

(B) GNP में

(C) NDP में

(D) इनमें से किसी में नहीं ✓

Q.15

उपभोग व्यय एवं व्यक्तिगत बचत बराबर होती है

(A) व्यक्तिगत आय

(B) व्यक्तिगत खर्च करने योग्य आय ✓

(C) निजी आय

(D) इनमें से कोई नहीं

Q.16

विशुद्ध निवेश होता है

(A) सकल निवेश - पूँजी में अप्रत्याशित नुकसान

(B) सकल निवेश - प्राकृतिक आपदाओं के कारण पूँजी की हानि

(C) सकल निवेश - मूल्यह्रास ✓

(D) ये सभी

Q.17

यदि वैयक्तिक आय 50,000 है, वैयक्तिक आयकर 2,000 है, उपभोग 42,000 है, वैयक्तिक ब्याज भुगतान 2,000 है और वैयक्तिक बचत 4,000 है, तो खर्च योग्य आय होगी

(A) 42,000
(B) 44,000
(C) 46,000
(D) 48,000 ✓

Q.18

पसंद आर्थिक व्यवहार का मूलभूत है क्योंकि

(A) लोग जो चाहते हैं उसका चुनाव करना मुश्किल है।
(B) लोगों की आवश्यकताओं की तुलना में साधन सीमित हैं। ✓
(C) चुनाव लोगों को तर्कसंगत बनाता है।
(D) कीमत लोगों की पसंद पर निर्भर करती है।

Q.19

निम्न में से किस क्षेत्र में उपभोक्ता की बचत की अवधारणा उपयोगी है?

(A) मौद्रिक नीति
(B) विनियोग नीति
(C) कर नीति ✓
(D) उत्पादन के साधनों का प्रतिफल निश्चित करने में

Q.20

'सेटेरिस पैरीबस' (Ceteris Paribus) बताता है कि

(A) अन्य चर निर्भर चर को प्रभावित करते हैं।
(B) अन्य चर स्वतन्त्र चर को प्रभावित करते हैं।
(C) निर्भर चर को प्रभावित करने वाले अन्य चरों का मूल्य अपरिवर्तित रहता है। ✓
(D) माँग और पूर्ति दोनों स्थिर और संतुलन में हैं।

Q.21

"मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य करे ।" मुद्रा की यह परिभाषा दी गई है

(A) हार्टले विदर्स द्वारा
(B) मार्शल द्वारा
(C) एफ.ए.वाकर द्वारा ✓
(D) क्राउथर द्वारा

Q.22

देशों के बीच तीव्र एकीकरण या अन्तःसम्बन्ध कहलाता है

(A) निजीकरण
(B) उदारीकरण
(C) सामाजीकरण
(D) वैश्वीकरण ✓

Q.23

भारतीय अर्थव्यवस्था में निम्न में से कौन सा क्षेत्र अधिकतम रोजगार प्रदान करता है?

(A) उद्योग क्षेत्र
(B) सेवा क्षेत्र
(C) कृषि एवं सहायक क्रिया क्षेत्र ✓
(D) विदेशी क्षेत्र

Q.24

भारत की नई विदेश व्यापार नीति की अवधि है

(A) दस वर्ष
(B) पाँच वर्ष ✓
(C) तीन वर्ष
(D) एक वर्ष

Q.25

भारत की 12वीं योजना का प्रमुख उद्देश्य है

(A) गरीबी का उन्मूलन
(B) धारणीय वृद्धि
(C) तीव्र वृद्धि
(D) तीव्र, धारणीय और अधिक समावेशी वृद्धि ✓

Q.26

निम्नलिखित में से कौन सा कार्य वाणिज्यिक बैंकों से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) विदेशी विनिमय भण्डारों का प्रबंधन। ✓
(B) जमाओं को स्वीकारना ।
(C) विदेशी व्यापार को वित्तपोषित करना ।
(D) साख का सृजन करना ।

Q.27

'साइकोपैथोलॉजी एंड पॉलिटिक्स' के लेखक हैं

(A) हेरोल्ड डी. लासवेल ✓
(B) डेविड ईस्टन
(C) गेब्रियल आमंड
(D) टेल्कोट पार्सन्स

Q.28

निम्नांकित में से कौन राजनीतिक सिद्धान्त के पतन में विश्वास नहीं करता है ?

(A) डेविड ईस्टन
(B) आइजिया बर्लिन ✓
(C) रॉबर्ट डाहल
(D) अल्फ्रेड कोबां

Q.29

निम्न में से किस प्रकार की वैधता को मैक्स वेबर ने आधुनिक राज्य के लिए उपयुक्त माना है ?

(A) परंपरागत वैधता
(B) करिश्माई वैधता
(C) कानूनी-तर्कसंगत वैधता ✓
(D) अतीन्द्रिय वैधता

Q.30

भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत 'राज्य' शब्द को परिभाषित किया गया है ?

(A) अनुच्छेद 13
(B) अनुच्छेद 12 ✓
(C) अनुच्छेद 14
(D) अनुच्छेद 32

Q.31

निम्नलिखित को सुमेलित करें :

सूची-I	सूची-II
(A) समता का अधिकार	(i) अनुच्छेद 19-22
(B) स्वतंत्रता का अधिकार	(ii) अनुच्छेद 32
(C) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार	(iii) अनुच्छेद 14-18
(D) संवैधानिक उपचारों के अधिकार	(iv) अनुच्छेद 29-30

कूट :

(A)	(B)	(C)	(D)
:—	:—	:—	:—

(A) (iii) (i) (iv) (ii) ✓
(B) (i) (iii) (iv) (ii)
(C) (iv) (iii) (ii) (i)
(D) (ii) (iv) (iii) (i)

Q.32

संविधान में मूल कर्त्तव्य है-

(A) भाग 4 क, अनु. 51 क ✓
(B) भाग 3 क, अनु. 51 क
(C) भाग 4, अनु. 51 क
(D) भाग 4 क, अनु 51

Q.33

निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से भारत के राष्ट्रपति के संबंध में सही है/हैं ?
(i) राष्ट्रपति एक निर्वाचक मंडल द्वारा निर्वाचित होता है, जिसमें संसद के सभी सदस्य भाग लेते हैं ।
(ii) संसद के सभी निर्वाचित सदस्य और राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य निर्वाचक मंडल बनाते हैं, जो राष्ट्रपति का निर्वाचन करता है ।
(iii) उसके निर्वाचन में, दिल्ली और पुडुचेरी की विधान सभाओं के निर्वाचित हुए सदस्य भाग लेते हैं ।
(iv) एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली और गुप्त मतदान लागू होते हैं ।
नीचे दिए गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

कूट :

(A) (iii) और (iv)
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) केवल (iv)
(D) (ii), (iii) और (iv) ✓

Q.34

संसद द्वारा बनाई गई विधियों और राज्यों के विधानमण्डलों द्वारा बनाई गयी विधियों में असंगति के सवालों को हल करने के लिए प्रासंगिक संवैधानिक प्रावधान है

(A) अनुच्छेद 247
(B) अनुच्छेद 252
(C) अनुच्छेद 253
(D) अनुच्छेद 254 ✓

Q.35

उच्चतम न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अनुच्छेद है।

(A) 124
(B) 127 ✓
(C) 125
(D) 129

Q.36

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अधीन भारत की विदेश नीति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए सभी सार्क नेताओं को आमंत्रित किया गया था ।
(B) सुषमा स्वराज विदेश मंत्री का पद धारण करने वाली पहली महिला नहीं हैं । ✓
(C) बराक ओबामा पहले अमेरिकी राष्ट्रपति थे, जो भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बने ।
(D) 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' को नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया है ।

Q.37

निम्नलिखित में से किस आम निर्वाचन में, पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल किया गया था ?

(A) 1999
(B) 2004 ✓
(C) 2009
(D) 2014

Q.38

किन संस्थाओं को ब्रेटनवुड्स संस्थान कहा जाता है ?

(A) आईएमएफ और विश्व बैंक ✓
(B) नया विकास बैंक और एशियाई विकास बैंक
(C) इस्लामी विकास बैंक और एशियाई विकास बैंक
(D) विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक

Q.39

किसी भी समुदाय को अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने या निकालने की शक्ति प्राप्त है :

(A) संसद को ✓
(B) भारत के राष्ट्रपति को
(C) प्रधानमंत्री को
(D) अ.जा./अ.ज.जा. आयोग के अध्यक्ष को

Q.40

इनमें से कौन सा एक समाजशास्त्र की वास्तविक प्रकृति के सम्बन्ध में सही नहीं है ?

(A) समाजशास्त्र एक विशुद्ध विज्ञान है ।
(B) समाजशास्त्र एक मूर्त विज्ञान है । ✓
(C) समाजशास्त्र एक अमूर्त विज्ञान है ।
(D) समाजशास्त्र एक आनुभविक विज्ञान है ।

Q.41

इनमें से समूह की कौन सी एक विशेषता का उल्लेख बीरस्टेड ने अपनी पुस्तक "दि सोशल ऑर्डर" में नहीं किया है ?

(A) लघु आकार ✓
(B) समता की चेतना
(C) सामाजिक अन्तःक्रिया
(D) सामाजिक संगठन

Q.42

दो या दो से अधिक व्यक्ति एक दूसरे के प्रति इस प्रकार व्यवहार करते हैं जो कि अवैयक्तिक, विशिष्ट हित-प्रधान एवं व्यक्तिगत योग्यता पर आधारित होते हैं, कहलाता है

(A) प्राथमिक समूह
(B) द्वितीयक समूह ✓
(C) सन्दर्भ समूह
(D) बन्द समूह

Q.43

"केवल वे परिवर्तन जो सामाजिक संगठन में होते हैं अर्थात् समाज की संरचना एवं प्रकार्यों में होते हैं" कहलाता है

(A) सामाजिक नियंत्रण
(B) सामाजिक परिवर्तन ✓
(C) सामाजिक भूमिका
(D) समाजीकरण

Q.44

"कास्ट इन मॉडर्न इण्डिया एण्ड अदर एसेज" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) एम.एन. श्रीनिवास ✓
(B) एस.सी. दुबे
(C) आन्द्रे बैतेई
(D) जी.एस. घुर्ये

Q.45

इनमें से कौन सा एक साम्प्रदायिकता का कारण नहीं है ?

(A) राजनैतिक स्वार्थ
(B) सामाजिक नियन्त्रण ✓
(C) धार्मिक कट्टरता
(D) साम्प्रदायिक संगठन

Q.46

संथानम कमेटी किस सामाजिक समस्या के निवारण से सम्बन्धित थी ?

(A) बाल विवाह
(B) दहेज
(C) वेश्यावृत्ति
(D) भ्रष्टाचार ✓

Q.47

निम्न में से किनका सम्बन्ध एड्स वायरस के संचरण में "अत्यन्त जोखिम वाले समूहों" से नहीं है ?

(A) वेश्याएँ
(B) स्कूली बच्चे ✓
(C) मादक द्रव्य व्यसनी
(D) समलैंगिक

Q.48

निम्न में से कौन सा हिन्दू आश्रम व्यवस्था की श्रेणी में नहीं आता है ?

(A) गृहस्थ आश्रम
(B) वानप्रस्थ आश्रम
(C) वृद्धाश्रम ✓
(D) संन्यास आश्रम

Q.49

निम्न में से कौन सा हिन्दू विवाह का एक लक्ष्य/उद्देश्य नहीं है ?

(A) धर्म
(B) रति
(C) प्रजा
(D) अर्थ ✓

Q.50

जिस परिवार में व्यावहारिक और औपचारिक दोनों दृष्टियों से सत्ता परिवार की मुखिया स्त्री (माँ) के पास होती है उसे कहा जाता है

(A) मातृसत्तात्मक ✓
(B) मातृनामी
(C) मातृस्थानीय
(D) मातृवंशीय

Q.51

"मोक्ष" मानव-जीवन के चरम उद्देश्य एवं मानव की आन्तरिक आध्यात्मिक अनुभूति का प्रतीक है, यह किसने कहा है ?

(A) के.एम. कपाडिया
(B) पी.वी. काणे ✓
(C) इरावती कर्वे
(D) जी.एस. घुर्ये

Q.52

वैदिक संस्कृति में इन महायज्ञों में से कौन-सा एक यज्ञ गृहस्थ के द्वारा नहीं किया जाता था?

(A) पितृ यज्ञ
(B) पुत्री यज्ञ ✓
(C) भूत यज्ञ
(D) देव यज्ञ

Q.53

यह किसने कहा है, कि लोक प्रशासन कानून का व्यवस्थित एवं विस्तृत अध्ययन है ?

(A) एल.डी. व्हाइट
(B) लूथर गुलिक
(C) वुडरो विल्सन ✓
(D) मार्शल ई. डिमॉक

Q.54

लोक प्रशासन के विकास में किस काल को "सिद्धान्तों का स्वर्णयुग" कहा जाता है ?

(A) 1887 - 1926
(B) 1938 - 1947
(C) 1927 - 1937 ✓
(D) 1948 - 1970

Q.55

लोक प्रशासन में सरकार की वह सभी क्रियायें सम्मिलित हैं जो व्यवस्थापिका, कार्यपालिका तथा न्यायिक शाखाओं से सम्बन्धित हैं । यह प्रतिबिम्बित करता है

(A) लोक प्रशासन का संकीर्ण दृष्टिकोण
(B) लोक प्रशासन का व्यापक दृष्टिकोण ✓
(C) लोक प्रशासन का एकीकृत दृष्टिकोण
(D) लोक प्रशासन का प्रबन्धकीय दृष्टिकोण

Q.56

निम्नलिखित में से किसने राजनीति और लोक प्रशासन को पृथक विषय के रूप में माना था ?

(A) रूजवेल्ट
(B) जॉन.एफ. केनेडी
(C) रोनाल्ड रीगन
(D) वुडरो विल्सन ✓

Q.57

निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(1) एल.डी. व्हाइट - इन्ट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन
(2) हरबर्ट साइमन - द फंक्शंस ऑफ द एक्जीक्यूटिव
(3) एम.पी. फोलेट - क्रिएटिव एक्सपरीरियन्स
(4) डब्ल्यू.एफ. विलोबी - प्रिंसिपल्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन

(A) एल.डी. व्हाइट - इन्ट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन
(B) हरबर्ट साइमन - द फंक्शंस ऑफ द एक्जीक्यूटिव ✓
(C) एम.पी. फोलेट - क्रिएटिव एक्सपरीरियन्स
(D) डब्ल्यू.एफ. विलोबी - प्रिंसिपल्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन

Q.58

पुस्तक 'प्रिजमेटिक सोसाइटी रिविजिटेड' द्वारा लिखी गई थी :

(A) वुडरो विल्सन
(B) फ्रेड डब्ल्यू रिग्स ✓
(C) एफ.डब्ल्यू. टेलर
(D) हरबर्ट साइमन

Q.59

संगठन के सिद्धान्तों को किसने 'लोकोक्ति' कहकर आलोचना की ?

(A) एल्टन मेयो
(B) चेस्टर बर्नार्ड
(C) हरबर्ट साइमन ✓
(D) डिक्सन

Q.60

शास्त्रीय सिद्धान्त संगठन को मानता है :

(A) एक खुली व्यवस्था
(B) एक अस्तित्वहीन व्यवस्था
(C) एक बन्द व्यवस्था ✓
(D) एक सर्वव्यापी व्यवस्था

Q.61

प्रत्यायोजन में अधीनस्थों को निम्नलिखित में से कौन सा सौंपा जाता है ?

(A) प्राधिकार एवं कर्त्तव्य ✓
(B) कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व
(C) कर्त्तव्य, प्राधिकार एवं उत्तरदायित्व
(D) उत्तरदायित्व एवं प्राधिकार

Q.62

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) वैज्ञानिक प्रबंध - टेलर
(B) नौकरशाही सिद्धान्त - मैक्स वेबर
(C) द मैनेजिरियल ग्रिड - साइमन ✓
(D) आवश्यकताओं का पदसोपान - मैस्लो

Q.63

अभिप्रेरणा का द्वि-घटक सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) हर्जबर्ग ✓
(B) मैस्लो
(C) मैकग्रेगर
(D) फिडलर

Q.64

लोकपाल एवं लोकायुक्त विधेयक 2011 के अनुसार लोकपाल कार्यालय में 1 अध्यक्ष तथा अधिकतम सदस्यों की संख्या हो सकती है?

(A) 10 सदस्य
(B) 9 सदस्य
(C) 8 सदस्य ✓
(D) 7 सदस्य

Q.65

सामान्य लोक सेवाओं के विषय में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
(i) वे अधिकांश सर्वोच्च प्रशासनिक पदों पर कार्य करते हैं ।
(ii) वे कुछ संगठनों के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं ।
(iii) वे मंत्रियों को परामर्श देते हैं ।
(iv) वे कुछ सार्वजनिक उद्यमों के मुखिया के रूप में कार्य करते हैं ।
नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

(A) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) (i) और (iii)
(D) केवल (i)

Q.66

वेद यह प्रस्तावित करते हैं कि यह सारा ब्रह्माण्ड एक व्यवस्थित इकाई है जो एक सर्वव्यापी नियम के अन्तर्गत है । इस नियम का नाम है :

(A) गुरुत्वाकर्षण का नियम
(B) भाग्य का नियम
(C) ऋत का नियम ✓
(D) क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम

Q.67

निम्न उपनिषद् में हम नचिकेता और यम के मध्य एक ज्ञानपूर्ण संवाद पाते हैं । इस प्रसिद्ध उपनिषद् का नाम है :

(A) बृहदारण्यक उपनिषद्
(B) ऐतरेय उपनिषद्
(C) माण्डूक्य उपनिषद्
(D) कठोपनिषद् ✓

Q.68

सुख में गुणात्मक भेद को कौन अस्वीकार करता है ?

(A) मिल
(B) बेन्थम ✓
(C) सुकरात
(D) प्लेटो

Q.69

'कर्त्तव्य के लिए कर्त्तव्य' नैतिक सिद्धान्त सम्बन्धित है

(A) नैतिक सुखवाद से
(B) उपयोगितावाद से
(C) परिणाम निरपेक्षतावाद से ✓
(D) मनोवैज्ञानिक सुखवाद से

Q.70

अरस्तू का विश्वास था कि :

(A) सद्गुण जन्मजात है ।
(B) सद्गुण को अभ्यास द्वारा प्राप्त किया जा सकता है । ✓
(C) सद्गुण ईश्वर प्रदत्त है ।
(D) सद्गुण समाज के द्वारा प्रदान किये जाते हैं ।

Q.71

'धर्म' पुरुषार्थ अन्य तीन की तुलना में प्रथम है । इसे प्राथमिक स्थान देना यह संकेत करता है कि :

(A) अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थ निम्न हैं ।
(B) ये तीनों धर्म से सम्बन्धित और संदर्भित होकर पुरुषार्थ बनते हैं । ✓
(C) पुरुषार्थ एक दूसरे से सम्बन्धित नहीं हैं ।
(D) मोक्ष पुरुषार्थ अन्य तीनों को स्वयं में समाहित कर लेता है ।

Q.72

यदि आप एक अच्छा कार्य करते हैं किन्तु उस अच्छे (उचित) कार्य को करने के लिये रिश्वत ले लेते हैं तो आप उसके औचित्य को विकृत कर देते हैं । गांधी नीति नियम के अनुसार, यह निम्न में से किसके अन्तर्गत माना जाएगा ?

(A) साधन की अशुचिता ✓
(B) साध्य की अशुचिता
(C) नैतिक कार्य
(D) अस्तेय

Q.73

निरपेक्ष आदेश :

(A) यह सार्वभौमिक है । ✓
(B) यह सापेक्ष है ।
(C) यह व्यक्तिनिष्ठ है ।
(D) यह तथ्यात्मक है ।

Q.74

आप एक सड़क पर दुर्घटना देखते हैं और जख्मी को तुरन्त अस्पताल पहुँचाते हैं जो आपका चचेरा भाई था । अतः आप समय और धन उसके ठीक होने में लगाते हैं । काण्ट के नीति नियम के अनुसार आपका यह कार्य "नैतिक कार्य" नहीं माना जा सकता क्योंकि :

(A) आपने अपराधी की रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई ।

(B) आप उसे सबसे नजदीक अस्पताल ले गये जबकि आपको उसे 'सुपर स्पेश्यलिटी' अस्पताल ले जाना चाहिये था ।

(C) आपने दुर्घटनाग्रस्त के साथ सभी अच्छे कृत्य किये क्योंकि वह आपका चचेरा भाई था । ✓

(D) आपने जख्मी व्यक्ति के मोबाइल फोन और पर्स की कोई साल-संभाल नहीं की ।

Q.75

प्रारम्भ में अर्जुन कुरुक्षेत्र-युद्ध लड़ने के लिये तैयार नहीं था और वह युद्ध लड़ने के विरुद्ध तर्क दिये जा रहा था । समस्या के प्रति उसके इस दृष्टिकोण को श्रीकृष्ण ने नाम दिया

(A) निष्काम कर्मयोग

(B) कर्म पलायन ✓

(C) भक्ति योग

(D) बुद्धि योग

Q.76

जैन दर्शन में मोक्ष प्राप्त व्यक्ति (जीवन्मुक्त) को कहते हैं

(A) अर्हत् ✓

(B) केवली

(C) स्थितप्रज्ञ

(D) समत्व योगी

Q.77

दण्ड का निवारक सिद्धांत नैतिक दृष्टि से योग्य सिद्धांत नहीं माना गया था क्योंकि :

(A) यह अपराध रोकने के लिये अपराधी को एक साधन मानता है । ✓

(B) सुधार का अवसर नहीं देता है ।

(C) अपराध की तुलना में दण्ड अधिक देता है ।

(D) अपराध के प्रति भय अधिक उत्पन्न करता है, अपराध की अनुभूति की तुलना में ।

Q.78

अशोक के अभिलेखों की भाषा है?

(A) प्राकृत

(B) प्राकृत व खरोष्ठी

(C) प्राकृत, खरोष्ठी व अरमाईक

(D) प्राकृत, अरमाईक व ग्रीक (यूनानी) ✓

Q.79

थेरीगाथा एक भाग है :

(A) सुत्त पिटक का ✓

(B) विनय पिटक का

(C) अभिधम्म पिटक का

(D) दीघनिकाय का

Q.80

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के किस अधिवेशन में 'गाँधी-इरविन समझौते' का अनुमोदन किया था?

(A) लाहौर अधिवेशन
(B) कलकत्ता अधिवेशन
(C) त्रिपुरा अधिवेशन
(D) कराची अधिवेशन ✓

Q.81

प्रयाग प्रशस्ति का कौन सा श्लोक समुद्रगुप्त के नागों के विरुद्ध लड़े गए युद्धों का विवरण देता है?

(A) तीसरा
(B) चौथा
(C) छठा
(D) सातवाँ ✓

Q.82

भारत के विभाजन से संबंधित "माउण्टबेटन योजना" घोषित की गई थी :

(A) 3 जून, 1947 ✓
(B) 14 जून, 1947
(C) 31 मार्च, 1947
(D) 20 फरवरी, 1947

Q.83

क्रांति-पूर्व फ्रांस में एस्टेट्स जनरल में सम्मिलित थे :

(A) प्रथम एस्टेट (पुरोहित व पादरी वर्ग) एवं द्वितीय एस्टेट (सामन्त वर्ग)
(B) द्वितीय एस्टेट एवं तृतीय एस्टेट (जनसामान्य)
(C) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एस्टेट ✓
(D) तृतीय एस्टेट

Q.84

निम्नलिखित में से सूर्यातप में होने वाली विभिन्नता का कौन सा कारक नहीं है ?

(A) दिन की अवधि
(B) पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना
(C) सूर्य की किरणों का नति कोण
(D) वायुसंहित तथा महासागरीय धाराएँ ✓

Q.85

भूकम्पों की उत्पत्ति के कारण को स्पष्ट करने हेतु प्रत्यास्थ पुनश्चलन सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) डब्ल्यू. एम. डेविस
(B) ए. एन. स्ट्रेलर
(C) ए. होम्स
(D) एच. एफ. रीड ✓

Q.86

भारत में मानसूनी वर्षा की कौन सी विशेषता / विशेषताएँ हैं / हैं ?

(A) मानसूनी वर्षा मुख्यतया स्थलाकृति से परिचालित होती है ।
(B) मानसूनी वर्षा की समुद्र से दूरी बढ़ने के साथ कम होने की प्रवृत्ति है ।
(C) मानसून अपसरण (लौटना) से मध्यवर्ती भारत में तीव्र वर्षा होती है ।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये कोड से कीजिए :

कोड :

(A) केवल (A) सही है ।
(B) (B) और (C) सही हैं ।
(C) (A), (B) और (C) सही हैं ।
(D) (A) और (B) सही हैं । ✓

Q.87

महासागरीय धाराओं के निर्माण में सबसे प्रभावकारी कारक है :

(A) लवणता अन्तर
(B) तापीय विभिन्नता
(C) प्रचलित पवनें ✓
(D) अल-नीनो

Q.88

कौन सा सुमेलित नहीं है ?

दर्रा	राज्य में स्थिति
बोम डी ला	अरुणाचल प्रदेश
नाथु ला	सिक्किम
जोजी ला	हिमाचल प्रदेश
मुलिंग ला	

(A) बोम डी ला
(B) नाथु ला
(C) जोजी ला ✓
(D) मुलिंग ला

Q.89

2011 में राजस्थान के कौनसे जिलों में 500 से अधिक जनसंख्या घनत्व है -

(A) भरतपुर-धौलपुर
(B) जयपुर-भरतपुर ✓
(C) भरतपुर, दौसा
(D) जयपुर-अलवर

Q.90

एक उपभोक्ता का साम्य उस बिन्दु पर स्थापित होता है जहाँ

(A) $\frac{MU_1}{MU_2} = \frac{P_1}{P_2}$
(B) $\frac{MU_1}{MU_2} = \frac{P_1}{P_2}$ = आय की सीमांत उपयोगिता
(C) $\frac{MU_1}{P_1} = \frac{MU_2}{P_2}$ = आय की सीमांत उपयोगिता
(D) ये सभी ✓

Q.91

जब भारतीय रिजर्व बैंक रिजर्व आवश्यकताओं को कम करता है, तो

(A) विनियोगकर्ता सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीदते हैं ।
(B) बैंक अधिक मुद्रा का सृजन करेंगे । ✓
(C) बैंकों को अपने पास कम मुद्रा रखनी चाहिये ।
(D) लोग ज्यादा मुद्रा जमा करायेंगे ।

Q.92

बैंकों को अपनी कुल संपत्ति का एक न्यूनतम अनुपात नकद रूप में रखना होता है, इसे क्या कहते हैं ?

(A) सी एल आर
(B) एस एल आर ✓
(C) एस बी आर
(D) सी बी आर

Q.93

नीति आयोग की कौन सी विंग सारे राज्यों के मुख्यमंत्री व यूनियन टैरीटरी के उपराज्यपालों को मिलाकर बनी है ?

(A) पूर्ण-कालिक संगठनात्मक फ्रेमवर्क
(B) टीम इण्डिया विंग
(C) परामर्श विंग
(D) गवर्निंग काउन्सिल ✓

Q.94

तेंदुलकर समिति कार्यविधि 2011-12 के अनुसार भारत में कितनी जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे है ?

(A) 25.7 प्रतिशत
(B) 21.9 प्रतिशत ✓
(C) 30.7 प्रतिशत
(D) 38.2 प्रतिशत

Q.95

धारणीय विकास उद्देश्य सूचकांक 2016 में भारत का कौन सा स्थान है ?

(A) 110वाँ ✓
(B) 88वाँ
(C) 63वाँ
(D) 129वाँ

Q.96

“शक्ति हर जगह है, इसलिए नहीं कि यह सबको सम्मिलित करती है, अपितु क्योंकि यह हर जगह से आती है ।” यह किसका कथन है ?

(A) हन्ना आरेन्ट
(B) मिशेल फूको ✓
(C) हेन्स जे. मोर्गेन्थाऊ
(D) हेराल्ड डी. लासवेल

Q.97

निम्नलिखित में मिलान कीजिये :	**संविधान संशोधन अधिनियम**	**प्रासंगिक निर्णय**	: : — —
(A)	17वाँ संशोधन	(i)	गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(B)	25वाँ संशोधन	(ii)	केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य
(C)	32वाँ संशोधन	(iii)	किहोतो बनाम जाचिलू
(D)	52वाँ संशोधन	(iv)	सम्बामूर्ति बनाम आन्ध्र प्रदेश राज्य

कूट :

(A) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

(B) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(iv)

(C) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(iii) ✓

(D) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)

Q.98

संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू एवं कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्राप्त है। लेकिन अनुच्छेद 370(3) के तहत राष्ट्रपति यह घोषित कर सकता है कि अनुच्छेद 370 प्रवर्तन में नहीं रहेगा। यह शक्ति अधीन है :

(i) लोक अधिसूचना के

(ii) संघीय मंत्रि-परिषद् की परामर्श के

(iii) जम्मू एवं कश्मीर की मंत्रि-परिषद् की परामर्श के

(iv) जम्मू एवं कश्मीर की संविधान सभा की अनुशंसा के

कूट :

(A) (i) और (iii) सही हैं।

(B) (i) और (iv) सही हैं।

(C) (iii) और (iv) सही हैं।

(D) (ii) और (iv) सही हैं। ✓

Q.99

नगरपालिकाओं की सदस्यता के लिए निरर्हताओं का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है ?

(A) अनुच्छेद 243 न

(B) अनुच्छेद 243 प

(C) अनुच्छेद 243 फ ✓

(D) अनुच्छेद 243 ब

Q.100

हाल ही में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'संयुक्त राष्ट्र वैशाख दिवस' में भाग लेने के लिए किस देश गए ?

(A) भूटान

(B) श्रीलंका ✓

(C) म्यांमार

(D) इंडोनेशिया

Q.101

निम्नलिखित में से कौन "वैश्वीकरण" को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं करता है ?

(A) दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाओं और समाजों में बढ़ता एकीकरण।

(B) दुनिया का संकुचन एवं विश्व की संपूर्णता की गहन चेतना।

(C) बाजारों, राष्ट्र-राज्यों एवं प्रौद्योगिकियों का कठोर एकीकरण। ✓

(D) संपूर्ण विश्व के लोगों की सतत गतिशीलता।

Q.102

"सोशियोलोजी : थीम्स एण्ड पर्सपेक्टिव्ज़" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) टी.बी. बोटोमोर

(B) एलेक्स इंकल्स

(C) एम. हरलम्बोस ✓

(D) मैकाइवर व पेज

Q.103

"जहाँ कहीं भी जीवन है, वहाँ समाज है" किसने कहा है ?

(A) एलेक्स इंकल्स

(B) एफ.एच. गिडिंग्स

(C) मोरिस जिन्सबर्ग

(D) आर.एम. मैकाइवर एवं सी.एच. पेज ✓

Q.104

रॉबर्ट के. मर्टन द्वारा परिभाषित "एक अकेले व्यक्ति द्वारा धारण की गई विभिन्न तथा विशिष्ट प्रस्थितियों के संकुल" को कहा जाता है

(A) प्रस्थिति क्रम (श्रृंखला)

(B) प्रस्थिति असंगतता

(C) प्रस्थिति निराशा

(D) प्रस्थिति पुंज ✓

Q.105

"हिस्ट्री ऑफ कास्ट इन इण्डिया" पुस्तक किसके द्वारा लिखी गयी है ?

(A) एस.वी. केतकर ✓

(B) जी.एस. घुर्ये

(C) हर्बर्ट रिजले

(D) के.एल. शर्मा

Q.106

इनमें से कौन सी एक विशेषता सामाजिक वर्ग के लिए सही नहीं है ?

(A) वर्ग चेतना

(B) प्रदत्त प्रस्थिति ✓

(C) अर्जित प्रस्थिति

(D) खुली व्यवस्था

Q.107

डेविड इलेश ने निर्धनता के निम्न कारणों में से किस एक कारण का उल्लेख नहीं किया है ?

(A) निर्धनता की संस्कृति या उपसंस्कृति
(B) व्यक्ति
(C) सामाजिक सम्बन्ध ✓
(D) सामाजिक संरचना

Q.108

किसके अनुसार 'मनोबल' व्यक्तियों के समूह की वह क्षमता है जो उन्हें सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगन एवं दृढ़ता से एक साथ रखती है ?

(A) एल.डी. व्हाइट
(B) एच.जी. वेल्स
(C) लॉर्ड हेवार्ट
(D) एलेक्जेंडर लीटन ✓

Q.109

हर्जबर्ग के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा एक अभिप्रेरक तत्त्व है ?

(A) वेतन
(B) कम्पनी नीति एवं प्रशासन
(C) कार्य दशायें
(D) कार्य स्वयं ✓

Q.110

सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके उत्तर दीजिये :

सूची-I	सूची-II
(A) हर्जबर्ग	(1) सिद्धान्त X एवं सिद्धान्त Y
(B) मैस्लो	(2) आवश्यकताओं का पदसोपान
(C) मैकग्रेगर	(3) ई.आर.जी. सिद्धान्त
(D) एल्डरफर	(4) नौकरी वृद्धि
	(5) नौकरी संवर्धन

कूट :

(A) (A)-(5), (B)-(3), (C)-(2), (D)-(1)
(B) (A)-(5), (B)-(2), (C)-(1), (D)-(3) ✓
(C) (A)-(4), (B)-(3), (C)-(1), (D)-(2)
(D) (A)-(4), (B)-(1), (C)-(3), (D)-(2)

Q.111

विशाखा व अन्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य मुकदमा संबंधित है-

(A) महिलाओं की तबादला नीति से
(B) कामकाजी महिलाओं के मातृत्व अवकाश से
(C) समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के प्रचलन की रोकथाम से
(D) कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम से ✓

Q.112

प्रशासन में जनसहभागिता के औपचारिक तरीकों में सम्मिलित है
(i) निर्वाचन
(ii) दबाव समूह
(iii) सलाहकारी समितियाँ
(iv) सूचना का अधिकार
नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :
कूट :

(A) (i) और (iii)
(B) (ii) और (iii)
(C) (i), (iii) और (iv) ✓
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.113

'सम्यक् कर्मान्त' दुःख-निवृत्ति के बौद्ध अष्टाङ्गिक मार्ग का

(A) अन्तिम सोपान है ।
(B) प्रारम्भिक सोपान है ।
(C) सप्तम सोपान है ।
(D) सम्यक् वाक् का अनुगामी एवं सम्यक् आजीवक का पूर्वगामी सोपान है । ✓

Q.114

काण्ट से सम्बद्ध नहीं है

(A) शुभ संकल्प
(B) परिणाम निरपेक्षवाद
(C) परिणाम सापेक्षवाद ✓
(D) बुद्धिपरतावाद

Q.115

गीता के अनुसार कर्म योग का अर्थ है :

(A) सद्कर्म करना
(B) कामना रहित कर्म करना ✓
(C) कर्म संन्यास
(D) धार्मिक कृत्य करना

Q.116

श्रीकृष्ण ने अर्जुन को युद्ध के लिये प्रेरित किया और युद्ध हिंसा का एक रूप है। इसका अर्थ है कि गीता अच्छे कार्य के लिए हिंसा को स्वीकृति देती है। इसके बावजूद महात्मा गांधी जो अहिंसा के पुरोधा माने जाते हैं, उन्हें गीता का श्रेष्ठ अनुयायी माना जाता है क्योंकि :

(A) गांधीजी हिन्दू थे।
(B) युद्ध भी एक विकल्प होता है।
(C) हिंसा दबाव से लोगों को नैतिक बनाती है।
(D) अहिंसा का अर्थ कायरता और स्वयं के कर्त्तव्य से पलायन नहीं है। ✓

Q.117

'सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है ।' किसने कहा ?

(A) गीता ने
(B) जैन दर्शन ने
(C) गांधी ने ✓
(D) बुद्ध ने

Q.118

सामाजिक अध्ययन 'नागरिकता शिक्षा के उद्देश्य के लिए मानव संबंधों से संबंधित अनुभव और ज्ञान का एकीकरण है।' यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई है?

(A) ग्रिफिन
(B) बैरेल ✓
(C) वैस्ले
(D) माइकेलिस

Q.119

पाठ्यचर्या में वे समस्त अनुभव निहित हैं जो विद्यालय द्वारा शिक्षा के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उपयोग में लाए जाते हैं।" यह कथन किसका है ?

(A) मुनरो ✓
(B) क्रो एण्ड क्रो
(C) टी.पी.नन
(D) कैसवेल

Q.120

निम्नलिखित में से सभी पाठ्यक्रम निर्माण के सिद्धान्त हैं, सिवाय

(A) अनुभवों की पूर्णता
(B) लचीलापन
(C) रूढ़िवादिता ✓
(D) सहसंबंध

Q.121

बी.एस. ब्लूम ने ज्ञानात्मक पक्ष को कितने उप-खण्डों में विभाजित किया है?

(A) तीन
(B) छह ✓
(C) सात
(D) पाँच

Q.122

सामाजिक विज्ञान शिक्षण में कितने प्रकार के सह-सम्बन्ध पाए जाते हैं?

(A) 5 प्रकार
(B) 3 प्रकार ✓
(C) 6 प्रकार
(D) 4 प्रकार

Q.123

निम्नलिखित विधियों में से कौन सी विधि उच्च प्राथमिक स्तर पर भूगोल शिक्षण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(A) वाद-विवाद
(B) परिचर्चा
(C) कहानी कथन
(D) क्षेत्र पर्यटन ✓

Q.124

निम्न में से कौन-सा चर्चा का एक रूप है जो सामूहिक रचनात्मक विचार को सक्षम बनाता है ?

(A) वाद-विवाद
(B) प्रश्नोत्तरी
(C) संगोष्ठी
(D) मस्तिष्क उत्प्लवन ✓

Q.125

ब्लूम का वर्गीकरण, पदानुक्रम संगठन है

(A) निष्पत्ति लक्ष्यों का
(B) पठन कौशलों का
(C) संज्ञानात्मक उद्देश्यों का ✓
(D) पाठ्यक्रम संबंधी घोषणाओं का

Q.126

ग्राफ किस प्रकार की शिक्षण सहायक सामग्री के अन्तर्गत आते हैं ?

(A) दृश्य सामग्री ✓
(B) प्रक्षेपी सामग्री
(C) श्रव्य सामग्री
(D) श्रव्य-दृश्य सामग्री

Q.127

निम्न में से श्रव्य-दृश्य सामग्री में सम्मिलित नहीं है :

(A) दूरदर्शन
(B) डोक्यूमेंट्री फिल्म
(C) विडियो टेप
(D) टेप रिकॉर्डर ✓

Q.128

निम्न में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान की एक अच्छी पाठ्यपुस्तक का लक्षण नहीं है-

(A) उपयुक्त दृष्टान्त वाली
(B) बाल केन्द्रित
(C) भ्रामक ✓
(D) सरल एवं स्पष्ट भाषा

Q.129

निम्न में से कौन सी अनुशंसा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 में नहीं की गयी है ?

(A) पर्यावरणीय शिक्षा को स्कूल स्तर पर सम्मिलित करना ।
(B) मूल्यांकन प्रणाली में मूलभूत परिवर्तन करना ।
(C) पाठ्यक्रम को पाठ्यपुस्तक केन्द्रित बनाना । ✓
(D) पाठ्यक्रम को समता व समावेशी शिक्षा आधारित बनाना ।

Q.130

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 की अध्यक्षता किसने की ?

(A) प्रो. यशपाल ✓
(B) डॉ. जे.एस. राजपूत
(C) श्रीमती प्रतिभा पाटिल
(D) आचार्य राममूर्ति

Q.131

एक सामाजिक अध्ययन शिक्षक के रूप में आप अपने शिक्षण को कैसे रोचक एवं प्रभावी बना सकते हैं ?

(A) कक्षा कार्य देकर
(B) श्रव्य-दृश्य सामग्री का उपयोग करके ✓
(C) चुटकुले कहकर
(D) गृहकार्य देकर

Q.132

निम्न में से कौन-सा एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक का गुण नहीं है?

(A) स्वयं के विषय पर अधिकार
(B) परिश्रमी
(C) सहनशीलता
(D) पक्षपात ✓

Q.133

एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार, निम्न में से कौन सा माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण का उद्देश्य नहीं है ?

(A) आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रियाओं को समझना ।
(B) नागरिकों के अधिकारों और उत्तरदायित्वों को समझना ।
(C) अपने पर्यावरण के संबंध में स्थानीय समुदायों के अधिकारों की सराहना करना ।
(D) अवलोकन, पहचान और वर्गीकरण के कौशल विकसित करना । ✓

Q.134

सामाजिक अध्ययन में निम्न में से कौन सा परीक्षण छात्रों के स्वतन्त्र चिन्तन का परीक्षण करने का अवसर प्रदान करता है ?

(A) वस्तुनिष्ठ प्रकार का परीक्षण
(B) लघु-उत्तरात्मक प्रकार का परीक्षण
(C) निबन्धात्मक प्रकार का परीक्षण ✓
(D) अति लघु उत्तरात्मक प्रकार का परीक्षण

Q.135

वार्षिक परीक्षा में मूल्यांकन निम्नलिखित मूल्यांकन श्रेणियों में से कौन से मूल्यांकन के अन्तर्गत आता है ?

(A) योगात्मक ✓
(B) रचनात्मक
(C) नैदानिक
(D) मौखिक

Q.136

निम्न में से कौन सी वस्तुनिष्ठ प्रकार के परीक्षण की विशेषता है ?

(A) मितव्ययी
(B) व्यक्तिनिष्ठ
(C) उच्च स्तरीय विश्वसनीयता ✓
(D) अल्प विषय-वस्तु व्यापकता

Q.137

सामाजिक अध्ययन की प्रायोजना का उपक्रम करने के लिए आप सबसे पहले किस चरण का पालन करेंगे ?

(A) योजना बनाना
(B) चयन करना
(C) परिस्थिति उपलब्ध कराना ✓
(D) क्रियान्वयन करना

Q.138

निम्नलिखित में से किस स्थल से हल का मिट्टी का मॉडल मिला है ?

(A) हड़प्पा
(B) मोहनजोदड़ो
(C) बनावली ✓
(D) कालीबंगा

Q.139

निम्नांकित में से किसकी पूजा ऋग्वैदिक काल में नहीं होती थी ?

(A) अग्नि
(B) पृथ्वी
(C) लिंग ✓
(D) वायु

Q.140

किस बौद्ध संगीति के उपरान्त महायान संप्रदाय का उत्कर्ष हुआ ?

(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ ✓

Q.141

निम्नलिखित स्थानों में से कौन सा स्थान मौर्य साम्राज्य का प्रान्तीय केन्द्र नहीं था ?

(A) तक्षशिला
(B) कौशाम्बी ✓
(C) उज्जयिनी
(D) तोसाली

Q.142

कबीर, रैदास व सेना अनुयायी थे :

(A) रामानुजाचार्य के
(B) यामुनाचार्य के
(C) रामानन्द के ✓
(D) गोरखनाथ के

Q.143

सूफी शेख हमीदुद्दीन नागौरी का जन्म हुआ था :

(A) टोंक में
(B) नागौर में
(C) खुरासान में
(D) दिल्ली में ✓

Q.144

मीर सैय्यद अली व अब्दुस्समद किनके दरबार में चित्रकार थे ?

(A) बाबर व हुमायूँ
(B) हुमायूँ व अकबर ✓
(C) अकबर व जहाँगीर
(D) जहाँगीर व शाहजहाँ

Q.145

अकबर के राज्यकाल में मीर बख्शी किस विभाग का अध्यक्ष था ?

(A) विदेशी मामलात
(B) नाप-तोल विभाग
(C) सैनिक मामले ✓
(D) भू-राजस्व

Q.146

शिवाजी की सेना के घुड़सवार, जिन्हें घोड़ा और शस्त्र राज्य द्वारा दिये जाते थे, कहलाते थे

(A) सिलहदार
(B) हवलदार
(C) जुमलादार
(D) बारगीर ✓

Q.147

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था ?

(A) लॉर्ड रिपन
(B) लॉर्ड लिटन
(C) लॉर्ड डफरिन ✓
(D) लॉर्ड कर्जन

Q.148

4 जुलाई, 1776 अमेरिका के इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण तिथि है क्योंकि इस दिन :

(A) जॉर्ज वाशिंगटन राष्ट्रपति चुने गये थे ।
(B) अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा हुई थी । ✓
(C) फ्रांस के साथ मैत्री संधि पर हस्ताक्षर हुए थे ।
(D) गुलामी की प्रथा समाप्त की गई थी ।

Q.149

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (द इन्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस) का मुख्यालय अवस्थित है

(A) न्यूयार्क में
(B) हेग में ✓
(C) लन्दन में
(D) वियना में

Q.150

गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का औपचारिक आरम्भ हुआ था :

(A) काहिरा में
(B) बाडुंग में
(C) हेलसिंकी में
(D) बेलग्रेड में ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in